बिहार स्टेट फूड एण्ड सिविल सप्लाईज कॉरपोरेशन, लि0,

"खाद्य भवन", दारोगा राय पथ, आर0ब्लॉक, रोड नं0 2, पटना 800001

पत्रांक- 2566 दिनांक- 28/2/19

संविदा पर विधि पदाधिकारी/प्रबंधक हेतु वॉक-इन-इटरव्यूय

बिहार राज्य खाद्य एवं असैनिक आपूर्ति निगम लि0 के प्रशासनिक संरचना के पुनर्गठन के पश्चात विधि पदाधिकारी का पद रिक्त होने के कारण विधि से संबंधित कार्यो के निष्पादन में हो रही कठिनाई को देखते हुए राज्य/केन्द्र सरकार के विभिन्न विभागों से PB-2+5400 के समकक्ष पद से सेवा निवृत पदाधिकारी जिन्हें आपूर्ति संबंधी विधिक कार्यो का अनुभव हो,को संविदा के आधार पर प्रबंधक/विधि पदाधिकारी PB-2+5400 के पद पर नियोजन हेतु योग्य,स्वच्छ छवि वाले एवं शारीरिक रूप से कर्तव्यों के निर्वहन में सक्षम,अनुभवी पदाधिकारी का वॉक-इन-इटरव्यूय आयोजित की जाती है। उक्त पद पर नियोजन वॉक-इन-इटरव्यूय के माध्यम से किया जायेगा। इच्छुक अभ्यर्थी अपना आवेदन पत्र के साथ प्रबंध निदेशक, बिहार स्टेट फुड एण्ड सिविल सप्लाईज कॉरपोरेशन लि0, खाद्य भवन' दारोगा राय पथ, आर ब्लॉक' रोड नं02, पटना 800001 के कार्यालय में दिनांक 05.03.19 के अपराह्न 11.00 बजे सभी कागजातों के साथ भाग ले सकते है।

विधि पदाधिकारी के रिक्ति की विवरणीः-

क्र0	पदनाम/वेतनमान	कुल रिक्ति की सं0
1	*2*	*3*
1	प्रबंधक/विधि पदाधिकारी(PB-2+5400)	01

1. संविदा पर नियोजन की शर्तें,आवेदन प्रपत्र,अभ्यर्थियों द्वारा **Website-sfc.bihar.gov.in** तथा किसी भी कार्य दिवस को निगम मुख्यालय(खाद्य भवन) आर0ब्लॉक,रोड नं. 2, पटना -01के प्रशासन शाखा में देखा जा सकता है।

प्रबंध निदेशक के आदेश से।

Sd/- 28.2.19

उप महाप्रबंधक, प्रशासन

अहर्त्ता एवं शर्ते निम्नवतः होगीः-

1. संविदा आधारित यह नियोजन बिल्कुल अस्थायी एवं औपबंधिक होगा। जैसे ही रिक्ति के विरूद्ध नियमित कर्मी होगें,यह अनुबंध स्वतः समाप्त हो जायेगा।
2. विज्ञापन की अंतिम तिथि को आयु 64 वर्ष से अधिक नहीं होनी चाहिए। ऐसी नियोजन हेतु अधिकतम आयु सीमा 65 वर्ष की होगी। चयन हेतु पदाधिकारी का सेवा इतिहास स्वच्छ रहना आवश्यक होगा।
3. अनुबंध के आधार पर नियोजन के समय सरकार के आरक्षण नियमों का पालन किया जायेगा।
4. चयन समिति साक्षात्कार के आधार पर अपनी अनुशंसा देगी।
5. उल्लिखित पद पर संविदा के आधार पर नियोजन प्रथम चरण में एक वर्ष के लिए होगी तथा आवश्यकतानुसार संविदा का अवधि विस्तार किया जायेगा। कार्यकलाप संतोषप्रद नहीं रहने अथवा क्षति/गबन पाये जाने पर इनकी सेवा समाप्त कर दी जायेगी।
6. चयन समिति की अनुशंसा के आधार पर नियोजन एवं पदस्थापन आदेश राज्य खाद्य निगम के द्वारा निर्गत किया जायेगा।
7. सामान्य प्रशासन विभाग के संकल्प ज्ञापांक 10000 दिनांक 10.7.15 के अनुरूप यथा संविदा पर नियोजित सेवानिवृत सरकारी सेवकों का मासिक मानदेय उन्हें प्राप्त होने वाले अंतिम वेतन+सेवा निवृति के समय अंतिम वेतन पर प्राप्त महंगाई भत्ता के योगफल की राशि मे से पेंशन की राशि+सेवा निवृति के समय पेंशन की राशि पर प्राप्त महंगाई राहत की राशि को घटाने के बाद जो राशि प्राप्त होगी वही होगा,परन्तु पेंशन पर महंगाई राहत का भुगतान होता रहेगा। मासिक मानदेय की राशि उक्त सेवा निवृत सरकारी सेवक के संविदा अवधि में कार्यरत रहने की तिथि तक स्थिर रहेगी।
8. उल्लिखित पद के लिए इच्छुक पदाधिकारी सभी कागजातों के साथ 05.03.2019 के अपराह्न 11.00 बजे **प्रबंध निदेशक, बिहार स्टेट फुड एण्ड सिविल सप्लाईज कॉरपोरेशन लि0,खाद्य भवन' दारोगा राय पथ, आर ब्लॉक' रोड नं. 2, पटना 800001** के कार्यालय में वॉक-इन-इन्टरव्यूय में भाग ले सकते है।
9. आवेदक के विरूद्ध कोई अपराधिक मामला दर्ज न हो।
10. आवेदक शारीरिक रूप से स्वस्थ्य हो।
11. सेवा निवृत इच्छुक कार्मिक अपने आवेदन पत्र के साथ आयु, शैक्षणिक योग्यता, सेवा निवृति से संबंधित कागजातों, पूर्व नियोजक से स्वच्छता प्रमाण पत्र एवं अपराधिक मामला, गबन अनाचार-कदाचार के संबंध में नोटरी पब्लिक के समक्ष शपथ पत्र के साथ प्रतिवेदन देगें।
12. इनके द्वारा की गयी क्षति/गबन की राशि की वसूली उनके मानदेय से की जायेगी एवं मानदेय से वसूली संभव नहीं होने की स्थिति में बिहार एवं उडीसा लोक मॉंग वसूली अधिनियम के सुसंगत प्रावधानों के अधीन या निगम के प्रावधानों के तहत क्षति/गबन की वसूली संबंधित उनके चल/अचल संपति से की जायेगी।

क्र0	पद	स्वीकृत पद	वेतनमान	वांछित योग्यता	रिक्ति
1	प्रबंधक/विधि पदाधिकारी	01	PB-2 ग्रेड पे-5400 (अपुनरीक्षित)	राज्य/केन्द्र सरकार के विभिन्न विभागों से PB-2+5400 के समकक्ष पद से सेवा निवृत पदाधिकारी जिन्हें आपूर्ति संबंधी विधिक कार्यो का अनुभव हो।	01

26.2.19

उप महाप्रबंधक, प्रशासन

आवेदन प्रपत्र

Paste in Photograph

1. आवेदित पद का नाम–
2. आवेदक का नाम
3. पिता का नाम–
4. अंतिम धारित पद–
5. प्रथम नियुक्ति की तिथि–
6. स्थायी पता–

7. वर्तमान पता–

8. सेवा निवृति की तिथि–
9. सेवा निवृति का पद एवं विभाग का नाम एवं पता जहाँ से सेवा निवृत हुए है–(सेवा निवृति संबंधित/अभिप्रमाणित साक्ष्य संलग्न करें)
10. जन्मतिथि(प्रमाण पत्र के साथ)–
11. शैक्षणिक योग्यता–
    (प्रमाण पत्र संलग्न करें)–
12. आवेदित पद के अनुरुप योग्यता–
13. अभ्यर्थी के विरुद्ध कोई अपराधिक वाद/निगरानीवाद/विभागीय कार्यवाही लंबित है अथवा नहीं।
14. आरक्षण कोटि–
    (सक्षम प्राधिकार के स्तर से प्रमाण पत्र संलग्न)
15. सेवा निवृति के अंतिम माह में प्राप्त परिलब्धियाँ–
    (LPC /PPO की छाया प्रति संलग्न करें)–
16. दूरभाष/मोबाईल नं0

तिथि–

स्थान–

हस्ताक्षर

28.2.19